दैनिक जागरण 17/10/2023

जीएमएन कालेज में जोनल यूथ फेस्टिवल का आगाज कल से

जागरण संवाददाता, अंबाला : कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र के युवा एवं सांस्कृतिक विभाग के तहत गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज अंबाला कैंट में अंबाला जोन के युवा महोत्सव का आयोजन 18 से अक्टूबर से किया जाएगा। यह आयोजन 20 अक्टूबर तक चलेगा।

यह जानकारी कालेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने पत्रकारों से बातचीत में दी। उन्होंने बताया कि अंबाला जोन के 20 महाविद्यालय तीन दिन चलने वाले इस युवा महोत्सव में 43 विधाओं में अपनी प्रतिभा की छटा बिखेरेंगे। युवा महोत्सव में इस बार हरियाणा प्रदेश के विलुप्त होते नृत्य लूर को मंच पर प्रस्तुत किया जाएगा। इस विधा को युवा महोत्सव में शामिल करने का उद्देश्य यही है कि हरियाणा की संस्कृति को देश के साथ-साथ विश्वभर में पहचान मिले। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि इससे पहले 2015 में जीएमएन कालेज में युवा महोत्सव का आयोजन किया गया था। प्रभारी डा. राजेंद्र देसवाल ने बताया कि उक्त कार्यक्रम को लेकर जिले के सभी कालेजों के विद्यार्थियों में भी खासा उत्साह है।

- कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी की तरफ से कराया जा रहा है आयोजन, 43 विधाओं में कलाकार उतरेंगे मंच पर

पत्रकारों से बात करते जीएमएन कालेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त। • विज्ञप्ति

यह है लूर नृत्य

लूर नृत्य हरियाणा की खास विधा है। यह खासकर लड़कियों द्वारा प्रस्तुत किया जाता है। हरियाणा के बांगर क्षेत्रों में यह डांस प्रचलित है। लूर का शाब्दिक अर्थ लड़की है। यह डांस वसंत मौसम के आगमन और रबी फसलों की बिजाई के साथ किया जाता है। यह नृत्य होली के मौके पर भी किया जाता है। यह विधा लुप्त होने के कगार पर है, जबकि यूथ फेस्टिवल में इसे मंच मिलेगा, जो आकर्षण का केंद्र रहेगा।